तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



10 नकली नोट के साथ फिर एक पकड़ाया





12 कांकेर ने लालबाग को और बीआईओसी ने तितिरगांव को हराया, दिखा उत्साह




## खबर संक्षेप

### दीपावली पर शहीदों के घर पहुंचे एसपी



**जगदलपुर।** दीपावली पर्व में एसपी शलभ सिन्हा शहीद जवानों के घर जाकर परिजनों को उपहार के साथ दीपावली की बधाई देकर पर्व मनाया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल शहीद परिवारों के घर पहुंचे। शहीद की पत्नी और बच्चों को ढांढस बंधाते एसपी ने कहा कि शहीद जवान ने देश की रक्षा के लिए अपने आपको न्यौछावर किया है। आप लोग पुलिस परिवार के सदस्य हो, कभी भी खुद को अकेला मत समझना। हर मौके पर हम आपके साथ है। कभी भी किसी भी तरह की जरूरत हो तो हमें याद करें।

### अंडर 20 क्रिकेट स्पर्धा में सटेली रहा प्रथम

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम सटेली में पांच दिवसीय अंडर 20 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर सटेली को 10000, द्वितीय स्थान सिहारी 5000 एवं तृतीय स्थान जातावाडा 3000 रुपए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संतो दुग्गा, अध्यक्षता राधिका नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत राउरवाही, विशेष अतिथि पीलम नरेटी भाजपा मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र टेकाम जनपद सदस्य, जोहन गावड़े जनपद सदस्य, कृष्णा दुग्गा सरपंच चिहरो, विजय पटेल, बलराम टेपरिया, रामदयाल नरेटी, शिवलाल नरेटी, कृष्णा पटेल, गोपी राम नरेटी, श्रवण टेपरिया, मनराखन बारला, शुकदेव गावड़े, रामनाथ नरेटी, गौरी बाई राना एवं ग्रामवासी व समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### युवक कांग्रेस घटिया शराब को लेकर 5 को करेंगे प्रदर्शन

**भानुप्रतापपुर।** युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि शासकीय शराब दुकान भानुप्रतापपुर में सेल्समैनों द्वारा शासकीय शराब में घटिया शराब मिला कर बेचा जा रहा है। शासन के तय दर से अधिक दर पर शराब बेचकर शराब उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। युवक कांग्रेस मांग करती है कि भानुप्रतापपुर के शासकीय शराब दुकान पर कार्यवाही कर अवैध शराब विक्रय, तय दर से अधिक दर पर शराब विक्रय, मिलावटी शराब विक्रय, गांव में कोचिया के माध्यम से बिक रहे शासकीय शराब पर रोक लगाया जाए। रोक लगाने की माँग को लेकर युवक कांग्रेस 5 को प्रदर्शन करेंगे।

### लोगों के घरों में हुई रोशनी, आंगन में सजी रंगोली, दीपों से जगमगाया अंचल

# धूमधाम से मना दीपावली पर्व, जमकर हुई आतिशबाजी, हुई महालक्ष्मी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर


गुरूवार को बस्तर के अधिकतर हिस्सों में दीपावली त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बाजार में जमकर खरीदारी देखने को मिली। लोगों ने मिट्टी के दीये, बताशे, लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर, फल, फूल, मिठाईयों की खरीदारी की। चारों ओर दीपों की जगमगाहट और रंग-बिरंगी सजावट ने माहौल को आनंदमय बना दिया। हालांकि कुछ हिस्सों में दिवाली शुक्रवार को मनाई गई, लेकिन इससे लोगों के उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं थी। बस्तर के लगभग हर इलाके में दीपावली का पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। शहरी समेत ग्रामीण अंचलों में उत्साह देखा गया। बच्चों के साथ युवक-युवतियां और वरिष्ठ जन समेत गृहणी और बुजुर्ग भी जमकर पटाखे चलाये। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में पटाखों की गूंज देर रात तक जारी रही। वहीं व्यापारी वर्ग अपने-अपने प्रतिष्ठान में लक्ष्मी पूजन पूरे परिवार के साथ किये। घरों के आंगन में सुंदर रंगोली सजाई गई थी, वहीं झालरों से घरों को रोशन किया गया। शुभ मूहुर्त पर देर शाम 7.15 से 8.13 तक प्रदोष काल में लोगों ने घरों, निजी दफ्तरों में लक्ष्मी पूजन और काली पूजा विधि-विधान से किया। शहर के संजय बाजार, गोल बाजार, मेन रोड, प्रतापदेव वार्ड, जैन मंदिर रोड, बालाजी वार्ड, धरमपुरा मार्ग, गीदम रोड, कुम्हार पारा, ठाकुर रोड, हाई स्कूल रोड, महारानी अस्पताल रोड, आड़ावाल बाजार में खरीदारी के लिए लोगों का मेला लगा रहा। कुल मिलाकर कोरोना काल के बाद इस वर्ष दीपावली पर्व में हर सेक्टर में अच्छा व्यापार हुआ।

■ पर्व में छोटे बच्चों से लेकर युवा और बड़े बुजुर्गों में दिखा उत्साह



### लोकल सामान अधिक बिके

बस्तर संभाग मुख्यालय के सीरासार, गोल बाजार में लोगों ने मिट्टी के दीये, लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा, घर की सजावट के सामान, वंदनवार, फूल-पत्तियां एवं पूजा का सामान, बिजली की रंगबिरंगी लड़ियां, मिठाई एवं नमकीन, कपड़े, हैंडिक्राफ़्ट आइटम्स, उपहार की वस्तुएं, फुटवियर, मेकअप का सामान, कास्मेटिक्स, सोने चांदी के सामान और अन्य घरेलू उत्पादों की भारी मांग रही। इससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को काफी लाभ मिला।



### बाजारों में लगी रही भीड़

बुधवार और गुरूवार को संजय बाजार, गोल बाजार, आड़ावाल, तोकापाल, बस्तर, भानपुरी, लोहंडीगुड़ा, दरभा, बकावंड, नगरनार के बाज़ारों में विशेष रूप से खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। दीपावली के एक दिन पूर्व बुधवार और दीपावली को मिठाइयां और पटाखे खूब बिके। साथ ही लोग पूजन के लिए पूजन समाग्री फूल, फल की जमकर खरीदारी की। व्यापारियों के साथ-साथ छोटा व्यापार करने वाले लोग जैसे कुम्हार, कारीगर एवं घरों में दिवाली का सामान बनाने वाले लोगों ने भी बड़े पैमाने पर अपने सामान की बिक्री की। लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे देश में व्यापार में बड़ा इजाफा हुआ। इस साल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत भारतीय सामान की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

## श्रीकृष्ण ने इंद्र के कोप से सृष्टि को बचाने अपनी अंगुली से गोवर्धन पर्वत उठाया : आचार्य

**जगदलपुर।** अंचल में दीपावली के तीसरे दिन शनिवार को गोवर्धन पूजा उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर समेत गांव-गांव में लोग गोवर्धन पूजा में गौमाता की पूजा कर खिचड़ी भोग लगाया और उन्हें अपने हाथों से खिलाया।

लक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी पंडित किशोर तिवारी ने बताया गोवर्धन पूजा की कथा भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को ही भगवान श्रीकृष्ण ने गाय-ग्वालों को इंद्र के कोप से बचाने के लिए अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था और गोवर्धन पूजा शुरू करवाई थी। साथ ही स्वर्ग के राज इंद्र को उनकी गलती का अहसास भी करवाया था,आज के इस दिन को अन्नकूट भी कहा जाता है।

इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रवीर वार्ड स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में भी आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी व पंडित चंदन तिवारी के द्वारा पारंपरिक रूप से पूरे विधि विधान के साथ गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम देशी गाय के गोबर से श्री कृष्ण द्वारा चीनी अंगुली से उठाई गोवर्धन की प्रतिमा बनाई गई। फिर साज सज्जे के बाद भगवान श्री गोवर्धन जी महाराज का पूजन कर 56 भोग लगाया गया। आज के दिन जिनका सर्वाधिक महत्व होता है, ग्वाले राउत उनको टीका नेग करके आगे की ⏭ शेष पेज 10 पर



### अन्न भोग और खिचड़ी प्रसाद का भोग

पूजा पश्चात मंदिर परिसर में श्राद्धालुओं को अन्न भोग और खिचड़ी भोग प्रसाद नीचे बैठाकर खिलाया गया। सांसद महेश कश्यप इस दौरान श्राद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरण किया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच बैठ प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी पं. किशोर तिवारी समस्त श्राद्धालुओं को छप्पन्न भोग प्रसाद वितरण किया।

## नक्सलगढ़ के 2 गांव कन्हाईगुड़ा और रेडलापल्ली सालों से अपराध से दूर





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/कोंटा

छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक का अतिसंवेदनशील थाना मरईगुड़ा के अंतर्गत 2 ऐसे गांव हैं जहां सालों से न कोई अपराध हुआ है और न ही लड़ाई-झगड़ा या खून-खराबे की स्थिति बनी है, जबकि पूरा जिला या यूं कहें पूरा कोंटा ब्लॉक नक्सल मामले में अतिसंवेदनशील क्षेत्र में आता है। कोंटा से लगभग 50 किलोमीटर दूर मरईगुड़ा थाना तेलंगाना से लगा हुआ क्षेत्र है। दोनों राज्य में बंटा मरईगुड़ा गांव रिकार्ड में दोनों जगह इसी नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि दो राज्यों की सीमा में बंटने से पहले यह गांव एक था। मरईगुड़ा तक पहुंचने में भद्राचलम मार्ग पर लक्ष्मीपुरम से होकर जाना पड़ता है। सीधे कोंटा से मरईगुड़ा जाने का रास्ता काफी खतरनाक और हिंसा के कारण दिन में भी जाने लायक स्थिति नहीं रहती है। इसलिए लोग तेलंगाना के लक्ष्मीपुरम होकर वहां से 10 किलोमीटर चलकर मरईगुड़ा पहुंचते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मरईगुड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले 2 गांव कन्हाईगुड़ा और रेडलापल्ली अलग-अलग दिशाओं में हैं, लेकिन थाना से दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। पुलिस थाने में किसी भी तरह का अपराध दर्ज नहीं होने की बात कही गई है। बताया यह भी जा रहा है कि रेडलापल्ली गांव में आजादी के पहले 1942 में एक अपराध कायम हुआ था। इस लिहाज से दोनों ही गांव में रामराज्य की स्थिति है और वहां के लोग नक्सलगढ़ में होने के बावजूद शांत, संयम और सहनशीलता का जीवन बिना किसी खौफ के जी रहे हैं।

### कभी सुर्खियों में नहीं रहे ये दो गांव

कोंटा ब्लॉक के मरईगुड़ा, भेज्जी, गोलापल्ली, किस्टाराम, जगरगुंड़ा समेत कई ऐसे गांव हैं जहां नक्सलियों का राज चलता था। भेज्जी थाना के अंतर्गत रेगड़गट्टा में तो माओवादियों का शीर्ष नेता हिड़मा ने अनेक घटनाओं को अंजाम दिया था। पोड़ियम सुक्खा को गोली मारी थी जो अभी जिंदा है। मरईगुड़ा थाने का कन्हाईगुड़ा और रेडलापल्ली मुख्य सड़क में स्थित होने के कारण कभी भी नक्सल वारदात के लिए सुर्खियों में नहीं रहे। इसीलिए ये दो गांव शांति और बिना डर के लोगों के रहने से अपराध से दूर हैं।

## वायु सेवा, रेल सेवा, सड़क सेवा सुचारू रूप से होगा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं है। मलखम के माध्यम से बस्तर के बच्चों ने देश का नाम रोशन किया है। बस्तर के विकास में चेम्बर का बड़ा योगदान रहा और आगे भी रहेगा। चेंबर भवन बनाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार माना, जिन्होंने एक करोड़ रुपए की राशि देने की बात कही है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सांसद बनाकर मुझे भेजा है, जिससे वायु सेवा, रेल सेवा, सड़क सेवा सभी सुचारू रूप से किया जाएगा। यह बातें बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में शनिवार को आयोजित दीपावली मिलन समारोह के सांसद महेश कश्यप ने कही। चेम्बर के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने कहा कि बस्तर में वायु सेवा सड़क मार्ग एवं रेल मार्ग जो बंद पड़ी हुई है, उसे चालू करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। बस्तर हित के लिए चेम्बर के सभी व्यापारी मिलकर काम करेंगे। चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सेवा कार्य हेतु एवं बस्तर का नाम बढ़ाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

समारोह में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पुखराज बोथरा, संतोष जैन, भंवर बोथरा, सतपाल शर्मा, सुशील मौर्य, मनीष शर्मा, नवरतन जलोटा, दीपक भानुशाली, राजकुमार दंडवानी, श्रीधर मद्दी, शैलेंद्र भदोरिया, ऋषि हेमानी, मनीष पारख, पुष्पी अग्रवाल, प्रमोद मोतीवाला, विजय हेलीवाल, शक्ति सिंह चौहान, सम्पत झा, गजेंद्र चांडक, बृजेश शर्मा, शिवनारायण चांडक, योगेंद्र पांडे, संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, दिनेश कागोत, नवीन भावसार, विवेक सोनी, श्रीपाल जैन, रोहित सिंह बैस, राजेंद्र सिंह, दिनेश पारख, संग्राम सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

■ बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स में हुआ दीपावली मिलन समारोह

## कार और स्कूटी की भिड़ंत, 2 युवक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार क्षेत्र के एनएमडीसी स्टील प्लांट के सामने शुक्रवार की रात एक स्कूटी एवं कार में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कूटी सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल को डायल 112 की मदद से मेकाज भेजा गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

■ नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के सामने हुआ हादसा




प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरनार डोगरीगुड़ा निवासी 23 वर्षीय जय कश्यप 26 वर्ष एवं लखीराम मौर्य तथा एक अन्य युवक स्कूटी में सवार होकर ओड़िसा की ओर से नगरनार की ओर आ रहे थे। उसी समय जगदलपुर से कार ओड़िसा की ओर जा रही थी, दोनों में भिड़ंत हो गई। घटना में जय और लखीराम की मौके पर ही मौत हो गई, तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे तत्काल बेहतर उपचार के लिए पहले महारानी अस्पताल भेजा गया, वहां से उसे मेकाज रेफर कर दिया गया। दोनों शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा, घटना के बाद नगरनार थाना प्रभारी ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### शासन के निर्देश पर टिकट काउंटर संचालित किया जा रहा

# गुफा खुलते ही विरोध में ग्रामीण कर रहे चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से एक नवम्बर को पर्यटकों के लिए कोटमसर गुफा खोला गया, पर ग्राम कोटमसर के ग्रामीणों द्वारा जिसका चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि कोटमसर गुफा जाने हेतु मुख्य द्वार कोटमसर, तीरथगढ़ बैरियर नाका से संचालित ना कर कोटमसर ग्राम से संचालित किया जाए। लेकिन शासन द्वारा उद्यान में जिप्सी द्वारा भ्रमण के लिए 3 रूट निर्धारित किया गया है, जिसमें पहला कोटमसर मेन गेट से रिंग रोड कोटमसर गुफा परयां बाड़ी दण्डक गुफा कांगेर धारा मेन गेट, दूसरा कोटमसर मेन गेट से रिंग रोड, दण्डक गुफा, कांगेर धारा, कोटमसर ग्राम से मेन गेट एवं कोटमसर मेन गेट से तीरथगढ़ जलप्रपात, मांझीपाल, कांगेर धारा, दण्डक गुफा, कोटमसर गुफा कोटमसर ग्राम से मेन गेट नेशनल पार्क में वन्यजीवों के वैज्ञानिक प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए तैयार किया गया है। निर्धारित मार्ग के अतिरिक्त किसी प्रकार की अन्य गतिविधि को संचालित करना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों के विपरीत होगा।

**धरने पर बैठ गए ग्रामीण :** वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत दरभा के ग्राम सभा कोटमसर में ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन के साथ धरने पर बैठ गए हैं। सीसीएफ को ग्राम सभा कोटमसर द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ग्राम सभा अध्यक्ष जयराम बघेल ने बताया कि सर्व सहमति से ग्राम सभा में प्रस्तावित कर सभी गणमान्य नागरिकों को उपस्थिति में ज्ञापन बनाकर मुख्य वन संरक्षक अधिकारी क्षेत्र निर्देशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व को दिया गया लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा की आदेश कॉपी को अवहेलना किया गया है। इसमें ग्रामीणों में जयराम बघेल, मंगतू नाग, समबती नाग, बुधरी नाग, झुलपू बघेल, नहरू नाग, परदेशी बघेल, चायनु नाग आदि शामिल है।

### वैज्ञानिक अध्ययन कर जिप्सी की संख्या में होगी वृद्धि

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने इस संबंध में कहा कि भौगोलिक सुरक्षा के लिए जगह पर ही जिप्सी काउंटर संचालित किया जाना उचित होगा, जिप्सी चालकों को एवं पूर्व की भांति पर्यटकों को वापसी में कोटमसर ग्राम में जिप्सी रोकने हेतु अनुबंधित किया जाएगा। जिससे उनके आजीविका में भी किसी भी प्रकार का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। भविष्य में अन्य वाहनों को प्रवेश वर्जित करने से नेशलन पार्क की केयरिंग केपिसीटी भी बढ़ेगी, जिसका वैज्ञानिक अध्ययन कर जिप्सी की संख्या में भी वृद्धि किया जा सकेगा। शासन के निर्देश पर टिकट काउंटर अन्य स्थानों में किया जाएगा।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

